राजस्व अपील प्राधिकारी, जयपुर

तारीख हुक्म	406/2023 **बाबूलाल बनाम दुर्गाप्रसाद** हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
18/03/2026	पत्रावली प्रस्तुत हुई। अधिवक्ता उभयपक्ष उपस्थित। अधिवक्ता उभयपक्ष की पत्रावली पर बहस सुनी गयी। अधिवक्ता उभयपक्ष की बहस पर गौर किया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। दौराने बहस उभयपक्ष के अधिवक्तागण द्वारा विवादित भूमि की मौके की यथास्थिति बनाये रखे जाने के आदेश पारित करते हुये अपीलाधीन आदेश को अपास्त कर संशोधित किये जाने पर सहमति प्रकट की गयी। ऐसेमें पक्षकारान के मध्य अनावश्यक प्रकरणों की संख्या नही बढ़े को मध्यनजर रखते हुये दौराने बहस व्यक्त की गयी सहमति के आधार पर अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित अपीलाधीन निर्णय दिनांक 08/05/2023 को अपास्त करते हुये यह आदेश प्रदान किया जाता है कि अधीनस्थ न्यायालय के समक्ष प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा के निस्तारण तक उभयपक्षों को विवादग्रस्त भूमि खसरा नम्बर 22 रकबा 0.1012 हैक्टेयर स्थित वाके ग्राम गढ़वाडी तहसील जमवारामगढ़ की वर्तमान मौके की स्थिति को यथावत बनाये रखे जाने के आदेश प्रदान किये जाते है। तदनुसार अपील निस्तारित की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर वाद तामील दाखिल दफ्तर हो। आदेश दिनांक 18/03/2026 को लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। राजस्व अपील प्राधिकारी जयपुर	